भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2414

बुधवार, 15 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष संबंधी उद्योगों को बढ़ावा देना

2414. श्री के. षणमुग सुंदरमः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कोयम्बटूर रक्षा गलियारे के भाग के रूप में अंतरिक्ष संबंधी उद्योगों को बढ़ावा देने की कोई योजना है ताकि दोनों क्षेत्रों में पारस्परिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दिया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

***

(क) एवं (ख)

इन-स्पेस (भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र) के दायरे में अंतरिक्ष से संबंधित उद्योगों के लिए विविध संवर्धन संबंधी प्रयास प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस समय, कोयम्बटूर रक्षा गलियारे में अंतरिक्ष संबंधी उद्योगों की स्थापना के बारे में इन-स्पेस को कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है।

***